तापमान
अधिकतम 36 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार 11 मई 2024

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 नेशनल पार्क में दूसरे क्षेत्र के ग्रामीण कर रहे तेंदूपत्ता का संग्रहण



## खबर संक्षेप



### गर्भवती माताओं का हर माह निःशुल्क उपचार

**सोनहत।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत सभी गर्भवती माताओं का निःशुल्क जांच उपचार एवं सभी तरह की स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। इसी कड़ी में 9 मई को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनहत में विकासखंड सोनहत के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.श्रेष्ठ मिश्रा के द्वारा 44 गर्भवती माताओं का निःशुल्क सोनोग्राफी किया गया। जिला चिकित्सालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध है। इस कार्यक्रम के तहत प्रत्येक माह के 9 एवं 24 तारीख को जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में निःशुल्क जांच उपचार की सुविधा है।

### क्षत्रीय समाज ने मनाई महाराणा प्रताप जयंती



**बैकुण्ठपुर।** 9 मई को क्षत्रीय भवन सुभाष नगर चरचा कॉलरी में समाज के लोगों के द्वारा महाराणा प्रताप जयंती मनाया गया। जयंती के अवसर पर समाज के वरिष्ठों सहित काफी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। जयंती के अवसर पर अध्यक्ष विनोद सिंह, उपाध्यक्ष अनिल सिंह, कोषाध्यक्ष शिवानंद सिंह, अशोक सिंह, सुनील सिंह, सह सचिव धर्मेन्द्र सिंह, कप्तान सिंह, सतीश सिंह सहित समाज के काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### सालाना उर्स का आयोजन जून में



**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले के सोनहत स्थित हजरत बाबा भोलन शाह वली रहमतुल्ला अली के मजार में आगामी सालाना उर्स का आयोजन किया गया है। इसमें मुख्य अतिथि एवं संरक्षक श्रीमती रेणुका सिंह विधायक भरतपुर-सोनहत, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े के साथ अन्य अतिथि बनाए गए हैं। जानकारी के अनुसार सोनहत में सालाना उर्स का शुरूआत 9 जून को सायं 7 बजे बैकुंठपुर के जामा मस्जिद से संदल व चादर का जुलूस सोनहत दरगाह शरीफ के लिए रवाना होगा और इसके दूसरे दिन 10 जून एवं तीसरे दिन 11 जून को कव्वाली का मुकाबला होगा। उक्त आयोजन में कव्वाली का मुख्य मुकाबला कव्वाल ताहिर चिश्ती यूपी व सीमा शबा नागपुर के मध्य होगा।

### डायलिसिस की चार मशीन संचालित

**बैकुण्ठपुर।** जिला अस्पताल में मरीजों की जांच, उपचार सही समय पर हो, इसके लिए पर्याप्त संख्या में डॉक्टर स्टॉफ की व्यवस्था समय-समय पर राज्य एवं जिला प्रशासन द्वारा की गई है। फिलहाल पांच डायलिसिस मशीन की स्थापना की गई है, इसमें चार डायलिसिस मशीन का सुचारू रूप से संचालन किया जा रहा है।

---

गुरुघासीदास नेशनल पार्क में छोड़े जाएंगे, पहले भी लाए गए हैं चीतल

# मनगटा से लाए गए 58 चीतल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले के गुरू घासीदास नेशनल पार्क में शुक्रवार को फिर से करीब 5 दर्जन चीतल लाए गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव के मनगटा अभ्यारण्य से 58 की संख्या में चीतल लाया गया। लाए गए सभी चीतलों को फिलहाल चीतल बाड़ा में रखा गया है, उनके खाने-पीने की व्यवस्था बाड़ा में ही की गई है, इसके साथ ही सभी चीतलों का स्वास्थ्य जांच किया जाएगा। कुछ दिन तक लाए गए सभी चीतलों को चीतल बाड़ा में रखने के बाद पार्क के खुले क्षेत्र में छोड़ा जाएगा। उल्लेखनीय है कि कोरिया जिले में स्थित गुरू घासीदास नेशनल पार्क में इसके पूर्व भी काफी संख्या में चीतल लाए गए थे। अब 58 की संख्या में और चीतल लाए जाने के बाद गुरू घासीदास नेशनल पार्क में चीतलों के कुनबे में बढ़ोत्तरी हो गई।

गुरूघासीदास नेशनल पार्क क्षेत्रफल की दृष्टि से प्रदेश का सबसे बड़ा राष्टीय उद्यान है, जहां दर्जनों प्रकार के वन्य जीवों का निवास है, इनमें सबसे अधिक चीतलों की संख्या है। गुरू घासीदास नेशनल पार्क क्षेत्र में विभिन्न तरह के वन्य जीवों के लिए अनुकूल वातावरण है, साथ ही पार्क क्षेत्र भी बडे क्षेत्रफल में फैला हुआ है, जहां विचरण के लिए वन्य जीवों को ज्यादा स्थान मिलता है साथ ही घने जंगल भी वन्य जीवों के रहवास के लिए अनुकूल बनाता है। गुरू घासीदस नेशनल पार्क संचालक सौरभ सिंह ठाकुर के निर्देशन में रेंजर महेश टुण्डे समेत अन्य कर्मियों द्वारा सभी चीतलों पर नजर रखी जा रही है।



मनगटा राजनांदगांव से लाए गए चीतल।



गुरूघासीदास नेशनल पार्क।

### वन्य जीवों को शिकारियों से खतरा

कोरिया जिले के गुरू घासीदास नेशनल पार्क में दर्जनों प्रकार के वन्य जीव रहते हैं, इनमें से कई विलुप्त श्रेणी के वन्य जीव भी शामिल है। पार्क क्षेत्र में सबसे अधिक चीतल है, जो कई बार पार्क क्षेत्र से भटकर ग्रामीण क्षेत्र में भी पहुंच जाते हैं। चीतलों को सबसे बड़ा खतरा शिकारियों से रहता है। पूर्व में पार्क क्षेत्र से लगे एक ग्राम में चीतल भटक कर पहुंच गया था, जिसका शिकार ग्रामीणों के द्वारा कर लिया गया था। वहीं पार्क क्षेत्र में भी शिकारियों की नजर रहती है।

### 58 चीतल लाए गए

राजनांदगांव के मनगटा से 58 चीतल सुरक्षित वाहन से लाए गए हैं। सभी स्वास्थ्य हैं, फिलहाल सभी को निगरानी में रखा गया है। कुछ दिनों बाद जंगल में छोड़ा जाएगा।

**-सौरभ सिंह ठाकुर**, संचालक
गुरुघासीदास राष्ट्रीय उद्यान कोरिया

---

# रोजाना बदल रहा मौसम का रुख तेज हवाओं के साथ बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ लोगों के सेहत पर पड़ेगा असर

मई के महीने में भी मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। कोरिया जिले में बुधवार की सायं पश्चात अचानक उमड़ते घूमड़ते बादलों के बीच में हल्की बौछारे पड़ी।

इस दिन जमकर तेज आंधी भी कुछ देर तक चलती रही, इसके कारण कई लोगों के घरों के टीन के शीट उखड़ गए तथा कुछ क्षेत्रों में पेड़ों की डंगाल भी टूटकर गिर गई, इसके दूसरे दिन हल्की बादलों के बीच दिन गुजरा, लेकिन शाम ढलने के बाद रात्रि 7.30 बजे अचानक मोटी बूंद की तेज बारिश शुरू हो गई।

अचानक ही बारिश की बड़ी बूंदे गिरकर रूकी और कुछ देर के बाद फिर से बारिश शुरू हो गई। इस तरह मई के महीने में जहां भीषण गर्मी पड़नी चाहिए, लेकिन मौसम के बदलाव के कारण दो दिन तक तापमान में गिरावट दर्ज की गई। जानकारी के अनुसार दो दिनों तक मौसम में बदलाव के कारण तापमान 6 डिग्री तक लुढ़क गया, इससे गर्मी से थोड़ी राहत मिली, लेकिन शुक्रवार को उमस भरी गर्मी से लोगों को परेशान होना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार 11 मई से दिन के तापमान में बढ़ोत्तरी होना शुरू होगा। हालांकि मई के महीने में मौसम के उतार-चढ़ाव होने की संभावना बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि मई के महीने में सबसे ज्यादा गर्मी पड़ती है, इसी माह के अंतिम सप्ताह में नवतपा की शुरूआत भी होती है। इस वर्ष 25 मई से नवतपा की शुरूआत हो रही है। इस दौरान जमकर सूर्य की तपिश होती है। इस वर्ष जिस तरह से आए दिन मौसम करवट ले रहा है ,उससे ऐसा लगता है कि नवतपा के दौरान भी मौसम करवट बदल सकता है।





शाम को हुई अचानक मोटी बूंद की तेज बारिश।

---

# नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

■ विशेष न्यायालय ने सुनाई सजा

**बैकुण्ठपुर।** नाबालिग बालिका से दुष्कर्म करने के मामले की सुनवाई विशेष न्यायालय में की गई। मुख्य आरोपी को दोषी उपरांत 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं अर्थदंड के साथ सह आरोपी को तीन वर्ष का सश्रम कारावास एवं अर्थदंड की सजा से दंडित करने का फैसला न्यायालय विशेष न्यायाधीश चिरमिरी के पीठासीन अधिकारी महेश कुमार पात्रे के द्वारा 9 मई को सुनाया गया।

इस संबंध में न्यायालय से मिली जानकारी के अनुसार एमसीबी जिले के खड़गवां थानांतर्गत एक नाबालिग बालिका को घटना दिवस 24 मई 2020 को रात्रि करीब 8 बजे आरोपी महेश सिंह पिता जयकरण सिंह उम्र 29 वर्ष निवासी डूभापानी थाना बैकुंठपुर एवं गंभीर सिंह पिता स्व. करमन सिंह उम्र 31 वर्ष निवासी मझारटोला थाना सोनहत नाबालिग बालिका के घर पहुंच कर उसे अपनी बाइक में बैठाकर ग्राम डुभापानी ले आए और आरोपी महेश के द्वारा अपने घर में रखकर कई दिनों तक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इस मामले में शिकायतकर्ता स्वयं पीड़ीता रही, जिसकी शिकायत पर पुलिस ने आरोपी महेश एवं गंभीर सिंह के विरूद्ध धारा 366 (क)/34, 376 (2)(ढ़), 323, 344, 506 भादवि एवं पाक्सो एक्ट ⏭ शेष पेज 4 पर

---

# बोर्ड परीक्षा परिणाम में हिन्द विद्यालय की छात्राएं रहीं अव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

छग माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित बोर्ड के परीक्षा परिणाम में चरचा क्षेत्र के हिन्द विद्यालय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल चरचा कॉलरी का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। बोर्ड के परीक्षा परिणाम में छात्रों की अपेक्षा छात्राओं ने बढ़त बनाए रखा। कक्षा दसवीं के परिणाम के अनुसार हिंद विद्यालय की मेधावी छात्रा नूरी सबा पिता हसीब अंसारी ने 94.5 प्रतिशत अंक हासिल किया, साथ ही उन्होंने 6 विषयों में विशेष योग्यता हासिल की।

इसीक्रम में प्राची राजवाड़े पिता रामेश्वर प्रसाद ने 93.1 प्रतिशत अंक हासिल करते हुए 6 विषयों में विशेष योग्यता प्राप्त किया। कक्षा दसवीं के छात्र गौरव टुंडे पिता हरवंश टुंडे ने 91.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर छात्रों का मान बनाए रखा। गौरव ने 6 विषयों में विशेष योग्यता हासिल की। वहीं कक्षा बारहवीं के परिणाम के तहत विद्यालय के कक्षा बारहवीं की मेधावी छात्रा पीहू राय पिता हरिहर राय ने 88.2 प्रतिशत अंक प्राप्त की। कुमारी मुस्कान मोदी पिता पंकज मोदी ने 82.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। कुमारी अंजली पिता विजय कुमार ने 80.2 प्रतिशत अंक हासिल किया। कक्षा दसवीं में 53 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत थे। इनमे 90 प्रतिशत अर्थात 47 बच्चों ने सफलता प्राप्त किया। दसवीं के परीक्षा परिणाम में 26 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। कक्षा 12 वीं की परीक्षा में भी विद्यालय के 30 बच्चों ने सफलता प्राप्त की। इनमें 13 बच्चे प्रथम श्रेणी प्राप्त कर पास हुए। विद्यालय हिंद विद्यालय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल के संचालक नेसार खान, प्राचार्य शशिभूषण राय सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों को बधाई दी।








### अंजली, अनुष्का ने बढ़ाया मान

**बैकुण्ठपुर।** खजुराहिल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटकोना की छात्रा कुमारी अंजली प्रधान आत्मज राम कुमार प्रधान ने कक्षा 10 वीं की परीक्षा में 94.5 प्रतिशत अंक अर्जित कर क्षेत्र का नाम रोशन किया, तथा विद्यालय की छात्रा कुमारी अनुष्का साहू आत्मज जय प्रकाश साहू ने 86.5 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में द्वितीय स्थान पर रही। इनकी सफलता पर क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है। इस सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य जय प्रकाश साहू एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छात्राओं को बधाई दी। साथ ही विद्यालय समिति के अध्यक्ष सहदेव राजवाड़े, सचिव, योगेन्द्र मिश्रा एवं उपाध्यक्ष अशोक दुबे ने छात्रों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।




---

# जेल तालाब के समीप डंप हो रहा कचरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ नपा को ध्यान देने की जरुरत

शहर से निकलने वाले कचरे को डंपिंग करने के लिए ग्राम तलवापारा में एसएलआरएम सेंटर बनाया गया है, जहां शहर से निकलने वाले कचरे को डंप किया जाना है, लेकिन शहर से निकलने वाले कई जगहों के कचरे को असुरक्षित तरीके से शहर के जेल तालाब के समीप डंप कर दिया जा रहा है।

तालाब किनारे डंप किए कचरे में आवारा पशु अपना निवाला खोजते हैं और प्लास्टि का भी भक्षण करते नजर आते हैं, इसके अलावा तालाब किनारे डंप किए गए कचरा हवा के झोंके से उड़कर तालाब में मिल जा रहा है, इससे तालाब का पानी भी दूषित हो रहा है, जबकि जेल तालाब की साफ-सफाई एवं गहरीकरण के नाम पर पूर्व में लाखो रूपए खर्च किए गए, लेकिन जिस तरह से नपा के द्वारा शहर के कचरे को असुरक्षित तरीके से जेल तालाब के किनारे डंप किया जा रहा है, उससे तालाब में गंदगी फैल रही है। इस दिशा में नगर पालिका प्रशासन को ध्यान देने की जरूरत है, ताकि तालाब में गंदगी न फैले व पशु कचरे के ढेर से निवाला खाने से बीमार न पड़े।



तालाब के समीप बिखरा कचरा।

### एक हजार ने किया डाक मतपत्र से मतदान

**बैकुण्ठपुर।** लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 04 कोरबा अंतर्गत विस क्षेत्र 03 बैकुंठपुर में अनिवार्य सेवा, पुलिस बल, नगर सैनिक, वन विभाग के कर्मचारी, अधिकारी द्वारा सुविधा केन्द्रों पर उपस्थित होकर एवं होम वोटिंग के दौरान डाक मतपत्र से गत दिनों मतदान किए थे। पुलिस विभाग, नगर सैनिक, स्वास्थ्य विभाग, बिजली विभाग, वन विभाग तथा अन्य जिले के फार्म 12 तथा 85 वर्ष के मतदाता एवं 40 प्रतिशत दिव्यांग मतदाताओं को फार्म 12 घ-डी कुल 468 पोस्टल बैलेट जारी की गई थी। इसमें से 382 मतदाताओं द्वारा डाक मतपत्र से मतदान किए गए थे। इसी तरह 978 मतदान दलों को ईडीसी जारी की गई थी, इसमें से 863 मतदाताओं ने मतदान किए हैं।

# खेत किनारे बिछाए गए तरंगित तार की चपेट में आकर महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जंगली जानवरों से रक्षा के लिए खेत के किनारे लगाए गए तरंगित तार की चपेट में आकर एक महिला की मौत हो गई। करेंट से घायल महिला को उपचार के लिए मिशन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में फिलहाल पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है लेकिन किसान की लापरवाही से एक महिला को अपनी जान गवानी पड़ी।

बताया जा रहा है कि दरिमा अंतर्गत ग्राम खाला पाफाडबरा निवसी 38 वर्षीया चिंता केरकेट्टा पति जसीम केरकेट्टा व बच्चे के साथ 8 मई को गांव में स्थित अपने बहरा खेत के समीप मछली मारने जा रही थी। दम्पति व बच्चे खेत की मेढ़ के किनारे किनारे पैदल चल रहे थे इस दौरान जैसे ही वे रामधारी के खेत के समीप पहुंचे महिला का हाथ एक तार से सट गया और महिला को तेज झटका लगा। महिला करेंट लगने से जमीन पर गिर गई। ऐसे में महिला को आनन फानन में उपचार के लिए मिशन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

परिजन का कहना है कि रामधारी द्वारा जंगली जानवरों से अपने अपने फसलों की सुरक्षा के लिए अवैध रूप से हुकिंग कर तरंगित तार बिछाया गया था उसी तार की चपेट में आकर महिला की मौत हुई। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर लाश को परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच जारी है।

---

## अधिवक्ता संघ मनेन्द्रगढ़ का शपथ ग्रहण समारोह, डीजे ने दिलाई शपथ

# अधिवक्ता न्यायपालिका के साथ न्यायिक तंत्र का महत्वपूर्ण अंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

अधिवक्ता संघ मनेन्द्रगढ़ का शपथ ग्रहण समारोह जिला एवं सत्र न्यायाधीश भीष्म प्रसाद पांडे के मुख्य अतिथि कार्यक्रम अध्यक्ष प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय मनेन्द्रगढ़ मंसूर अहमद एवं विशिष्ट अतिथि विवेक कुमार तिवारी प्रथम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनेन्द्रगढ़, कुमारी सुनीता साहू द्वितीय अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनेन्द्रगढ़,सरिता दास अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफटीसी मनेन्द्रगढ़, मुकेश कुमार पात्रे अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश चिरमिरी, विनय कुमार प्रधान अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश बैकुंठपुर, सीजीएम बैकुंठपुर समीर कुजूर, श्रीमती आस्था यादव न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी मनेन्द्रगढ़, न्यायाधीश असलम खान, राकेश खलखो, अमन तिग्गा, मनोज कुमार कुशवाहा की उपस्थिति में मनेन्द्रगढ़ न्यायालय परिसर में गरिमामयी रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के आरंभ में अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित व पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके उपरांत मंच पर उपस्थित सभी न्यायाधीशगण का अधिवक्ता संघ के सदस्यों ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश भीष्म प्रसाद पांडे ने मनेन्द्रगढ़ अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारी अध्यक्ष विजय मिश्रा, सचिव आशीष सिंह, उपाध्यक्ष श्रीमती सविता गुप्ता, मयंक जैन, कोषाध्यक्ष कुलदीप जायसवाल, सहसचिव प्रवीण पटेल, क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रभारी कमलेश पांडे, पुस्तकालय प्रभारी यार साय राजवाड़े, कार्यकारिणी सदस्य परवीन बेगम, प्रदीप शर्मा, राजेन्द्र तिवारी आलोक अग्रवाल, जयलाल सिंह एवं समयलाल सिंह को अधिवक्ताओं के हितों में कार्य करने का शपथ दिलाया।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष विजय मिश्रा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में सभी मंचस्थ अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता संघ ईमानदारी से वकीलों के हितो की सुरक्षा के लिए कार्य करेगा, वहीं जिला मुख्यालय होने के कारण अभी तक जिन न्यायालयों की ⏭ शेष पेज 4 पर



कार्यक्रम में उपस्थित न्यायाधीश व अन्य।



शपथ लेते अधिवक्ता।

### एग्जिट पोल के प्रसारण पर प्रतिबंध 1 जून तक

**बैकुण्ठपुर।** भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा निर्वाचन के तहत 19 अप्रैल से 1 जून तक किसी भी तरह के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया हुआ है। आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई है, इसके तहत लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानों के तहत इस अवधि के दौरान किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया गया है। जारी अधिसूचना में उल्लेखित है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत 19 अप्रैल को प्रातः 7 बजे से 1 जून की शाम साढ़े 6 बजे तक की अवधि में लोकसभा आम निर्वाचन के संदर्भ में किसी भी तरह के एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार प्रसार करने पर प्रतिबंध होगा।

10- MAY-Jash-CORIYA-RAGH-SARGUJA-Bhoomi pg-2_Layout 1 5/10/2024 8:04 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## फ्रांसिस फोर्ड कोपोला की मेगालोपोलिस का टीजर जारी

महान निर्देशक फ्रांसिस फोर्ड कोपोला की लंबे समय से प्रतीक्षित जुनूनी परियोजना 'मेगालोपोलिस' एक बार फिर सुर्खियों में हैं। आखिरकार निर्माताओं ने एडम ड्राइवर की पहली झलक जारी करके दर्शकों को इसके दृष्टिकोण की एक झलक दे दी है। हाल ही में जारी किए गए टीजर में एडम ड्राइवर के किरदार सीजर नामक एक वास्तुकार को दिखाया गया है, जो एक गगनचुंबी इमारत के किनारे पर एक अनिश्चित स्थिति में खड़ा है। यह उच्च जोखिम वाला दृश्य फिल्म के भव्य पैमाने और नाटकीय तनाव के लिए माहौल तैयार करता है। 'मेगालोपोलिस' दशकों से विकास में है, और कोपोला ने महत्वाकांक्षी परियोजना को स्व-वित्तपोषित किया है। फिल्म में ड्राइवर के साथ-साथ ऑस्कर विजेता फॉरेस्ट व्हिटेकर, जॉन वोइट और कैथरीन हंटर के साथ-साथ नथाली इमैनुएल, ऑब्रे प्लाजा और शिया ला बियॉफ जैसे उभरते सितारे शामिल हैं। कोपोला ने अपने परिवार के सदस्यों को भी सूचीबद्ध किया है, जिसमें उनकी बहन तालिया शायर और भतीजे जेसन श्वार्टजमैन फिल्म में दिखाई देंगे। फ्रांसिस फोर्ड कोपोला ने इंस्टाग्राम पर अपनी उत्सुकता से प्रतीक्षित फिल्म 'मेगालोपोलिस' का पहला टीजर पोस्ट किया। टीजर के साथ, उन्होंने कैप्शन में अपनी दिवंगत पत्नी को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने लिखा, 'मेगालोपोलिस हमेशा से मेरी प्रिय पत्नी एलेनोर को समर्पित फिल्म रही है। मुझे वास्तव में इस 4 मई को उनका जन्मदिन एक साथ मनाने की उम्मीद थी। लेकिन दुख की बात है कि ऐसा नहीं हुआ, इसलिए मुझे उनकी ओर से सभी के साथ एक उपहार साझा करने दीजिए।' 'मेगालोपोलिस' के कथानक के बारे में विवरण रहस्य में डूबा हुआ है। रिपोर्टों से पता चलता है कि 'मेगालोपोलिस' एक आधुनिक रोमन महाकाव्य है जो सर्वनाश के बाद के न्यूयॉर्क शहर में स्थापित है। टीजर में कोई संवाद नहीं है, लेकिन दृश्य महत्वाकांक्षा, सामाजिक पतन और पुनर्निर्माण के संघर्ष के विषयों की कहानी की ओर इशारा करते हैं। टीजर की रिलीज आगामी 77वें कान्स फिल्म फेस्टिवल के साथ मेल खाती है, जहां 'मेगालोपोलिस' का प्रीमियर 17 मई, 2024 को होने की अफवाह है। यह कोपोला के लिए प्रतिष्ठित फेस्टिवल सर्किट में एक महत्वपूर्ण वापसी का प्रतीक होगा।



### टॉलीवुड

## विजय देवरकोंडा के जन्मदिन पर जारी हुआ नई फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर

सुपरस्टार विजय देवरकोंडा के फैंस के लिए बड़ी खबर सामने आ रही है। आज उनके जन्मदिन के मौके पर उनकी नई फिल्म की घोषणा हो चुकी है। वह जल्द ही निर्माता दिल राजू की फिल्म में काम करते नजर आएंगे। विजय के जन्मदिन के खास दिन पर फिल्म का फर्स्ट लुक कॉन्सेप्ट पोस्टर जारी कर दिया गया है।



फिलहाल फिल्म का नाम तय नहीं किया गया है। नाम फाइनल होने तक इसे 'एसवीसी 59' से जाना जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह एक ग्रामीण पृष्ठभूमि वाली एक्शन ड्रामा फिल्म होगी। इसका निर्देशन रवि किरण कोला करेंगे। रवि इससे पहले 'राजा वरु रानी गारू' को भी डायरेक्ट कर चुके हैं। यह फिल्म 2019 में रिलीज हुई थी।

'एसवीसी 59' का निर्माण श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स बैनर के तहत दिल राजू और शिरीष द्वारा किया जा रहा है। दिल राजू इससे पहले भी विजय के साथ काम कर चुके हैं। विजय देवरकोंडा के अलावा और कौन-कौन से कलाकार अभिनय करेंगे, इसके बारे में भी फिलहाल कोई जानकारी सामने नहीं आई है। फैंस को उम्मीद है कि जल्द ही इसका भी एलान कर दिया जाएगा। इस फिल्म को तेलुगु के साथ-साथ हिंदी, मलयालम, कन्नड़ और तमिल में भी रिलीज किया जाएगा।

### भोजपुरी

## 'भाभीजी घर पे है' का ट्रेलर रिलीज, दिल में उतर जाएगी रिंकू, गौरव, संचिता और देव की फिल्म

नई भोजपुरी फिल्म 'भाभीजी घर पे है' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। अजय कुमार झा के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में रिंकू घोष, गौरव झा, संचिता बनर्जी और देव सिंह लीड रोल में हैं। करीब 4 मिनट के इस ट्रेलर में इस फैमिली ड्रामा की पूरी झलक देखने को मिलती है। 'भाभीजी घर पे है' के निर्माता प्रदीप सिंह, विनय सिंह, मोनिका सिंह और प्रतीक सिंह हैं। फिल्म में रक्षा गुप्ता और राकेश बाबू भी प्रमुख भूमिका में नजर आ रहे हैं। अजय कुमार झा के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म के ट्रेलर में गानों की भी झलक देखने को मिली है, जो फिल्म के लिए उत्साह बढ़ा रहे हैं। फिल्म के प्रोड्यूसर प्रदीप सिंह कहते हैं, 'फिल्म बेहद दमदार बनी है। इसकी झलक ट्रेलर में साफ दिखाई दे रही है। यह पूरी तरह से कमर्शियल फिल्म है, लेकिन इसमें सामाजिक और पारिवारिक मूल्यों का पूरा खयाल रखा गया है। जब दर्शक यह फिल्म देखें तो महसूस कर पाएंगे कि भोजपुरी सिनेमा कितनी समृद्ध हो चली है।'



'भाभीजी घर पे है' के ट्रेलर की शुरुआत रिंकू घोष और देव सिंह के साथ होती है, जो बड़े भाई और बड़ी भाभी की भूमिका में नजर आ रहे हैं। फिल्म में गौरव सिंह और संचिता बनर्जी की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। यह फिल्म बॉलीवुड में राजश्री प्रोडक्शन की फिल्मों की याद दिलाती है, जहां कहानी के केंद्र में परिवार रहता है। मेकर्स ने अभी फिल्म की रिलीज की तारीख को लेकर कोई ऐलान नहीं किया है।'

फिल्म में रिंकू घोष, गौरव झा, संचिता बनर्जी, रक्षा गुप्ता, देव सिंह और राकेश बाबू जहां प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

## फैशन के साथ हरियाली

पेरिस फैशन वीक के हिस्से के रूप में क्रिश्चियन डायर वूमेन्सवियर स्प्रिंग/समर शो के समापन के दौरान रनवे पर मॉडल ने हरी-भरी दुनिया का संदेश दिया। डायर शो ने पेरिस फैशन वीक गार्डन बनाने के लिए वनस्पति विज्ञानियों और शहरी भूस्वामियों के एक समूह, कोलोको के साथ साझेदारी की। इनके माध्यम से पर्यावरण बचाने जागरुकता अभियान भी चलाया गया।



लाइफ स्टाइल

## पलकों को घना और लंबा बनाने में कारगार है ये तेल, कुछ ही दिनों में दिखेगा असर

हम सभी चाहते हैं हमारी पलकें लंबी और घनी नजर आए। इसके लिए आपको मार्केट में बड़े-बड़े ब्रांड्स के प्रोडक्ट्स मिल जाएंगे। जरूरी नहीं है कि इन प्रोडक्ट्स में मौजूद केमिकल आपके लिए फायदेमंद साबित हों।

पलकों के बालों की देखभाल करने के लिए आप घरेलू चीजों की मदद लेकर तेल तैयार कर सकती हैं। तो आइये जानते हैं घनी और लंबी पलकों के लिए किन चीजों का करें इस्तेमाल। साथ ही, जानेंगे इन चीजों से मिलने वाले फायदों के बारे में-लंबी और घनी पलकों के लिए एलोवेरा जेल बादाम का तेल आजमाएं।



**पलकों पर एलोवेरा जेल को लगाने के फायदे क्या हैं?:** एलोवेरा में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स आइब्रो के बालों को पोषण देने में मदद करते हैं। यह त्वचा के रूखेपन को कम करने में मदद करता है। बालों और स्किन को डीप क्लीन करने के लिए एलोवेरा बेहद फायदेमंद होता है।

बादाम के तेल को आईलैशेज पर लगाने से क्या होता है?

नए बाल उगाने में बादाम का तेल सहायता करता है। यह बालों को सही मात्रा में पोषण देने में मददगार है।

**लंबी और घनी पलकों के लिए घरेलू उपाय:** एक बाउल में 1 चम्मच कैस्टर ऑयल के डालें। इसमें अब एलोवेरा के पौधे से जेल को निकालकर डालें। दोनों चीजों को मिक्स करके आप स्पूली ब्रश की मदद से आईलैशेज के बालों पर लगाएं। रोजाना रात को सोने से पहले नाइट स्किन केयर रूटीन में इस तेल को शामिल कर सकती हैं। रात भर लगे रहने से यह आपके आईलैशेज को मॉइस्चराइज करने में भी मदद करेगा।

## चुभती-जलती गर्मी के दौर में ट्रेंड कर रहा को-ऑर्ड सेट, जरूर आजमाएं



फैशन

गर्मी के इस मौसम में महिलाएं ऐसे कपड़े ज्यादा पहनना पसंद करती हैं, जो उन्हें आराम तो पहुंचाएं ही, साथ ही में वो ऐसे कपड़ों को प्राथमिकता देती हैं, जिनकी वजह से उनके स्टाइल में कोई कमी न आने पाए। इन कपड़ों में अब को-ऑर्ड सेट का नाम भी जुड़ने लगा है। चाहे कॉलेज हो या फिर दफ्तर, या कहीं घूमने ही जाना हो, हर जगह के लिए को-ऑर्ड सेट परफेक्ट माना जाता है। ये काफी आरामदायक होता है। को-ऑर्ड सेट पहनकर स्टाइल काफी अच्छा दिखने लगता है।

**कृति सेनन:** अगर किसी पार्टी के हिसाब से को-ऑर्ड सेट खरीदने का सोच रही हैं, तो कृति का ये को-ऑर्ड सेट एक बेहतर विकल्प है। ये वन शोल्डर को-ऑर्ड सेट है, जो आपको ग्लैमरस दिखने में मदद करेगा।



**कटरीना कैफ:** ऑफिस के हिसाब के लिए आप इस तरह का ब्लेजर वाला को-ऑर्ड सेट खरीद सकती हैं। फ्लोरल प्रिंट होने की वजह से गर्मी के मौसम में काफी कूल दिखेगा। इसके साथ अपने बालों को खुला रखें।

**सोनाक्षी सिन्हा :** गर्मी के मौसम में महिलाएं फ्लोरल प्रिंट के कपड़े पहनना काफी पसंद करती हैं। ऐसे में आप भी सोनाक्षी के इस लुक से टिप्स लेकर अपने लिए को-ऑर्ड सेट खरीद सकती हैं। ऐसा ब्लेजर वाला को-ऑर्ड सेट बॉस लेडी लुक कैरी करने में मदद करता है।

**सारा अली खान:** को-ऑर्ड सेट में ग्लैमरस दिखने के लिए आप सारा के इस लुक से टिप्स ले सकती हैं। ऐसी मिनी स्कर्ट और क्रॉप टॉप आपके लुक को खूबसूरत के साथ ग्लैमरस दिखने में मदद करेगी।

**हुमा कुरैशी:** अगर ऐसा को-ऑर्ड सेट पहनना चाहती हैं, जो देखने में कूल हो तो आप हुमा कुरैशी के इस लुक से टिप्स ले सकती हैं। गर्मी के मौसम में ब्लैक रंग ज्यादा सही नहीं रहता। ऐसे में आप किसी हल्के रंग का भी ऐसा को-ऑर्ड सेट खरीद सकती हैं।

**कियारा आडवाणी:** एक्ट्रेस कियारा का ये को-ऑर्ड सेट हर किसी को काफी पसंद आया है। अगर आप किसी पार्टी में बोल्ड लुक कैरी करना चाहती हैं, तो उसके लिए कियारा के इस लुक से टिप्स लें। ये को-ऑर्ड सेट सफेद रंग का है, ऐसे में इसके साथ मेकअप करते वक्त थोड़ा ध्यान रखें।

## साड़ी के साथ स्टाइल करें मल्टी कलर कंगन, निखरेगी खूबसूरती

जब भी हम मार्केट जाते हैं, तो गले और कानों में पहनने के लिए फैंसी डिजाइन की ज्वेलरी की खरीदारी करते हैं। लेकिन हाथों में पहनने के लिए एक्सेसरीज खरीदना अक्सर भूल जाते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि कई सारी महिलाएं चूड़ी पहनकर रखने की वजह से कुछ नया लेने के बारे में सोच नहीं पाती। लेकिन इस बार अपने हाथों को सुंदर दिखाने के लिए चूड़ी नहीं कंगन की खरीदारी करें। आजकल मार्केट में आपको हर एक मेटल के अलग-अलग डिजाइन के कंगन मिल जाएंगे। इससे आपके हाथ और भी ज्यादा सुंदर नजर आएंगे। इस बार मल्टीकलर कंगन सेट को वियर करें। इससे हाथ अच्छे लगेंगे।

### मल्टीकलर गोल्ड प्लेटेड कंगन

अगर आपको गोल्ड की ज्वेलरी पहनने का ज्यादा शौक है, तो इस तरह की डिजाइन वाले कंगन को खरीद सकती हैं। इसमें आपको गोल्ड प्लेटेड कंगन मिलेंगे, जिसके ऊपर मल्टी कलर बीड्स का डिजाइन मिलेगा। आप चाहें तो इसे मोटे कंगन डिजाइन में ले सकती हैं, या पतले कंगन डिजाइन में ले सकती हैं। इस तरह के कंगन डिजाइन दिखने में अच्छे लगते हैं। साथ ही, इसे



आप चाहें तो रोजाना वियर कर सकती हैं। मार्केट में इस तरह के कंगन आपको 200 से 400 रुपये में मिल जाएंगे।


### स्टोन वर्क मल्टी कलर कंगन

अगर आप किसी शादी या फंक्शन में जानें के लिए शादी के साथ कंगन सर्च कर रही हैं, तो इस तरह के डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इस तरह के कंगन में आपको पूरे में स्टोन वर्क मिलेगा। साथ में गोल्डन वर्क भी नजर आएगा। कंगन आपको चौड़े ही मिलेंगे। ऐसा इसलिए क्योंकि इस तरह का डिजाइन पतले कंगन में अच्छा नहीं मिलेगा। इसलिए आपको इसे ट्राई करना चाहिए। आप इसे मार्केट से 2 के सेट में खरीद सकती हैं।

## ब्लाउज डिजाइन को खूबसूरत बनाएंगी मोतियों से बनी ये लटकन, देखें डिजाइंस

फैशन इंडस्ट्री में आजकल मोतियों का इस्तेमाल हर जगह किया जा रहा है। पहले मोती केवल ज्वेलरी का हिस्सा होते थे, मगर अब आपको आउटफिट्स में भी पर्ल वर्क देखने को मिल जाएगा। फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने तो आउटफिट्स में पर्ल का बहुत ही खूबसूरत काम पेश किया है। पर्ल ब्लाउज आजकल काफी लोकप्रिय हो रहे हैं और साड़ी एवं लहंगों के साथ इन्हें पेयर आप कर महिलाएं बहुत ही खूबसूरत लुक पा सकती हैं।

इसके अलावा आप अपने साड़ी और लहंगे के ब्लाउज को खूबसूरत अंदाज देने के लिए पर्ल वाली लटकन का प्रयोग कर सकती हैं। इस तरह की लटकन आपको बाजार में मिल जाएगी, साथ ही इसमें आपको बहुत सारी वेराइटी भी देखने को मिल जाएगी। आप अपने ब्लाउज की स्टाइल के आधार पर इनका चुनाव कर सकती हैं। आज हम आपको पर्ल वाली लटकन के कुछ डिजाइंस दिखाएंगे। बाजार में आपको यदि ऐसी लटकन न मिले तो आप रॉ मटेरियल खरीद कर खुद भी डीआईवाई कर सकती हैं।



### छोटी मोती वाली लटकन


आपको बाजार में छोटी लटकन में मोती वर्क खूब मिल जाएगा। अगर आपको बहुत हैवी लटकन अपने ब्लाउज में नहीं लगवानी है, तो इस तरह की लटकन आप लगवा सकती हैं। खासतौर पर अगर आपकी ब्लाउज की बैक डिजाइन हैवी है, तो लाइटवेट और डिजाइन वाली लटकन ज्यादा अच्छी लगेगी। इसमें 2 से 3 लड़ वाली लटकन आपको मिल जाएगी।

कार्नर न्यूज

## गर्मियों में ठंडी जगह घूमने जा रहे हैं तो रहें सतर्क

## यात्रा के दौरान भी चाहिए दमकती त्वचा तो रखें इन बातों का ध्यान, वरना स्किन भी करेगी 'सफर'

शायद ही कोई व्यक्ति ऐसा होगा, जिसे घूमना-फिरना पसंद नहीं होगा। आज के समय में तो जैसे ही लोगों को अपने व्यस्त जीवन से थोड़ी सी राहत मिलती है तो वो अपने परिवार संग घूमने निकल जाते हैं। ठीक इसी तरह बैचलर्स भी अपने दोस्तों के साथ घूमने का मौका तलाशते रहते हैं। घूमने का प्लान बनाना तो बेहद आसान है लेकिन ट्रिप के दौरान अपनी त्वचा का ध्यान रखना बेहद मुश्किल हो जाता है। दरअसल, सफर के दौरान मिलने वाली धूप, धूल, मिट्टी और बदलते मौसम का सीधा असर लोगों की त्वचा पर पड़ता है। ऐसे में एक्ने, ब्रेक आउट, सन बर्न, डार्क स्पॉट का सामना करना पड़ता है। इसी के चलते आज के लेख में हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताने जा रहे हैं, जिनको अपनाने के बाद ट्रैवलिंग के दौरान आपकी स्किन सफर नहीं करेगी। इसके लिए आपको सिर्फ कुछ चीजों की जरूरत पड़ेगी और कुछ बातों का ध्यान रखना पड़ेगा।



### साथ में रखें ट्रैवल साइज स्किन केयर प्रोडक्ट

अगर आप कहीं घूमने जा रहे हैं तो भी उन स्किन केयर प्रोडक्ट्स को हमेशा अपने साथ ही रखें। अगर आपके स्किन केयर प्रोडक्ट के ट्रैवल साइज पैकेट नहीं आते तो आपको इसके लिए बाजार में पैकेट्स मिल जाएंगे, जिनमें आप अपने प्रोडक्ट कैरी कर सकते हैं।

### साथ में रखें मॉइस्चराइजर

अपने साथ हर हालत में मॉइस्चराइजर जरूर रखें। दरअसल, बदलते मौसम की वजह से त्वचा की नमी खो जाती है। ऐसे में मॉइस्चराइजर आपकी स्किन को सही रखने में मदद करेगा।

### इस्तेमाल करते रहें सनस्क्रीन

भले ही आप रोड ट्रिप पर हों लेकिन तब भी सनस्क्रीन का इस्तेमाल जरूर करें। ये आपको सूरज की हानिकारक किरणों से बचाएगी।



### शीट मास्क को रखें पास

अपने साथ हमेशा शीट मास्क रखें। ये स्किन को हाइड्रेट तो करता ही है और साथ में चेहरे को इंस्टेंट ग्लो देता है। इसका इस्तेमाल आप ट्रेन और बस में भी कर सकती हैं।

10- MAY-Jash-CORIYA-RAGH-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 5/10/2024 8:05 PM Page 1





# 'किंगडम ऑफ द प्लैनेट...' दुनियाभर में मचाएगी धमाल

**मुंबई।** डिज्नी का हिस्सा बनने के बाद से फिर से पुनर्जीवित हुई हॉलीवुड की फिल्म फ्रेंचाइजी 'प्लैनेट ऑफ द एप्स' की नई फिल्म 'किंगडम ऑफ द प्लैनेट ऑफ द एप्स' इस शुक्रवार से दुनिया भर में धमाल मचाने जा रही है। फिल्म को लेकर इस फ्रेंचाइजी के प्रशंसकों का उत्साह अभी से देखने को मिल रहा है। सिनेमाघरों में हिंदी सिनेमा के एक बाद एक फ्लॉप होने के चलते हाल के महीनों में हॉलीवुड फिल्में भारत में अच्छा कारोबार कर रही हैं। ये नई फिल्म 'किंगडम ऑफ द प्लैनेट ऑफ द एप्स' बॉक्स ऑफिस पर बढ़िया ओपनिंग लेगी और भारत में कम से कम सौ करोड़ रुपए का कारोबार करने में सफल रहेगी।

लाइफ Style

# आलिया

## काला टीका लगाकर रेड कार्पेट पर पहुंचीं

फैशन के सबसे चर्चित इवेंट मेट गाला 2024 का आयोजन हो चुका है। दुनियाभर के सितारें इस इवेंट में अपने स्टाइलिश अंदाज को दिखाए। इस बार फिर से आलिया ने इस इवेंट को अटेंड किया। इस बार मेट गाला की फ्लोरल थीम थी, जिसके चलते आलिया भट्ट ने उसी तरह का आउटफिट पहना।

एजेंसी ⏭ मुंबई

आलिया ने अपने आउटफिट और लुक से सभी को इंप्रेस किया। एक्ट्रेस अपने फ्लोरल आउटफिट में बेहद खूबसूरत लगी रही थीं। इस साल मेट गाला की थीम गार्डन ऑफ टाइम है। आलिया भट्ट ने इवेंट के रेड कार्पेट पर साड़ी पहन अपना जलवा बिखेरा।

आलिया भट्ट ने इस इवेंट के लिए भारत के मशहूर डिजाइनर सब्यासांची मुखर्जी का तैयार किया हुआ आउटफिट पहना था। उनकी साड़ी इतनी खूबसूरत थी कि हर कोई इसकी तारीफ कर रहा है। इस साड़ी में आलिया भट्ट भी किसी अप्सरा से कम नहीं लग रही थीं। ऐसे में उनकी खूबसूरती को किसी नजर ना लगे इसलिए उन्होंने इसका भी जुगाड़ किया। नजर से बचने के लिए आलिया रेड कार्पेट पर नजर का काला टीका लगाकर पहुंची थी। जी हां, इसका सबूत सोशल मीडिया पर सामने आई एक तस्वीर में भी देखने को मिला है।

आलिया की साड़ी में हैंडवर्क हुआ है जिसे फुलों से सजी 23 फुट की ट्रेन के साथ बनाया गया है।उनकी साड़ी में रेशम के फ्लॉस, ग्लास बीडिंग और सेमी प्रीशियस स्टोन्स का यूज किया गया है.



हॉलीवुड मसाला



# जेम्स के उपन्यास पर बनेगी फिल्म

**मुंबई।** स्टीवन स्पीलबर्ग हॉलीवुड इंडस्ट्री का एक बड़ा नाम हैं। उनकी फिल्मों का एक बहुत बड़ा प्रशंसक वर्ग है। हाल ही में निर्देशक को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। एक रिपोर्ट के अनुसार ए24 और स्टीवन स्पीलबर्ग की एंबलिन एंटरटेनमेंट एक साथ मिलकर जेम्स मैकब्राइड के उपन्यास द हेवन एंड अर्थ ग्रोसरी स्टोर पर एक फिल्म बनाने जा रहे हैं। फिलहाल वे इसकी कहानी को विकसित कर रहे हैं।



# 70 साल से कायम हैं गॉडजिला का जलवा

**लॉस एंजिलिस।** फिल्म 'गॉडजिला एक्स -द न्यू एम्पायर' 29 मार्च को रिलीज हो गई है। इस फिल्म का दर्शकों को काफी इंतजार था। गॉडजिला के नाम पर बनी ये 38वीं फिल्म है। इससे पहले 70 सालों से इस नाम पर फिल्में बनती चली आ रही हैं। इस नाम पर बनने वाली फिल्मों का सफर जापान से 1954 में शुरू हुआ था और 70 साल से अब तक चल रहा है। जापान के अलावा अमेरिका भी इस पर फिल्में बना रहा है। 'गॉडजिला एक्स -द न्यू एम्पायर'फिल्म देखने और समझने के लिए आपको इसकी पुरानी फिल्में देखने की जरूरत नहीं है, क्योंकि मेकर्स ने इसे नई कहानी के साथ पेश किया है। फिल्म में कमाल की सिनेमैटोग्राफी के साथ फिल्म का बैकग्राउंड म्यूजिक दर्शकों का दिल जीत रहा है। इस फिल्म का निर्देशन एडम विंगार्ड ने किया है।



# 'सिकंदर' में रश्मिका होंगी लीड एक्ट्रेस

**नई दिल्ली।** नेशनल क्रश कही जाने वालीं रश्मिका मंदाना, अब बड़े पर्दे पर सलमान खान के साथ 'सिकंदर' में नजर आएंगी। साजिद नाडियाडवाला के बैनर तले बन रही 'सिकंदर' में रश्मिका के आने की खबर ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल से कन्फर्म की गई। पहले 'पुष्पा' और फिर 'एनिमल' की धुआंधार सक्सेस के बाद रश्मिका बहुत डिमांड में हैं। सलमान के साथ फिल्म में आना उनके करियर को अल्टीमेट ऊंचाई पर ले जाएगा। मेकर्स ने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पेज से पोस्ट करते हुए लिखा, ''सिकंदर' में सलमान खान के अपोजिट स्टार करने के लिए फैबुलस रश्मिका मंदाना का स्वागत है! ईद 2025 पर इन दोनों का मैजिक स्क्रीन पर अनफोल्ड होगा, जिसे देखने का इंतजार करना बहुत मुश्किल है।



# लुक्स की वजह से नहीं मिली थीं फिल्में

**मुंबई।** कई फिल्म कलाकारों को करियर की शुरुआत में अपने लुक्स की वजह से परेशानी का सामना करना पड़ा है। हालांकि, बाद में अपने अभिनय के दम पर उन्होंने लोगों के मुंह भी बंद कराए है। आज अल्लू अर्जुन की पहचान एक सुपरस्टार के तौर पर हैं, लेकिन वह भी अपने लुक्स की वजह से संघर्ष का सामना कर चुके हैं। इसका खुलासा खुद अल्लू ने ही किया है। हाल ही में, अल्लू अर्जुन की फिल्म 'आर्या' को रिलीज हुए 20 साल पूरे हो गए हैं। इसका जश्न मनाने के लिए हैदराबाद में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अल्लू अर्जुन ने अपने बारे में बड़ा खुलासा किया। उन्होंने बताया कि अपने लुक की वजह से उन्हें करियर की शुरुआत में अच्छी फिल्में नहीं मिली थी। अल्लू अर्जुन ने साल 2003 में फिल्म 'गंगोत्री' से अपना डेब्यू किया था।

टीवी मसाला



# फिर उलझी 'तारक मेहता के सोढ़ी' की गुत्थी...

**नई दिल्ली।** पुलिस सूत्रों के मुताबिक, अब तक की जांच में 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' से फेमस हुए एक्टर गुरुचरण सिंह को लेकर कोई भी सुराग नहीं मिला है। जांच के दौरान गुरुचरण के दस से ज्यादा फाइनेंसियल अकाउंट मिले हैं। इतना ही नहीं, उनके एक से ज्यादा जीमेल अकाउंट होने का भी पता चला है। घरवाले 22 अप्रैल से अपने बेटे की राह देख रहे हैं। गुरुचरण की खोज में परिवार, दोस्त और पुलिस सभी लगे हैं। करीबी लोगों और डिजिटल जांच के बाद पुलिस को मिले तथ्यों से चला पता है कि गुरुचरण का धर्म की तरफ झुकाव बढ़ रहा था। उन्होंने एक खास दोस्त से पहाड़ की तरफ जाने की इच्छा जाहिर की थी। आखिरी सीसीटीवी फुटेज में वो ई-रिक्शा के बाद पैदल जाते दिखे थे। गुरुचरण को 22 अप्रैल को मुंबई पहुंचना था, जिसने उन्हें रिसीव करना था उसे भी मिसलीड किया गया। आखिरी बार गुरुचरण ने 14 हजार रुपए एटीएम से निकाले थे, उसके बाद की उन्हें लेकर जानकारी नहीं मिल पा रही है।

## शिल्पा ने खत्म की 2 साल पुरानी लड़ाई

नई दिल्ली। शिल्पा शिंदे कभी टीवी की हाई प्रोफाइल वाली एक्ट्रेस थीं। उन्होंने 'चिड़िया घर', 'भाभी जी घर पर हैं' से 'बिग बॉस 11' जैसे रियलिटी शो के जरिए दर्शकों का खूब मनोरंजन किया है। हर शो में दर्शकों ने उन्हें खूब प्यार दिया हैं। हालांकि इसके बावजूद वह अपने बयानों को लेकर खबरों में रही हैं। वह लंबे वक्त से टीवी शो से दूर रही हैं। आखिरी बार टीवी पर उन्हें 'झलक दिखला जा 10' में देखा गया था। इस शो में भी उनका मेकर्स संग पंगा होने के बाद उन्होंने इस शो को छोड़ दिया था। अब लंबे वक्त के बाद खबरें हैं कि वह 'खतरों के खिलाड़ी 14' का हिस्सा बनेंगीं। टाइम्स नाउ की रिपोर्ट के अनुसार, कलर्स पर आने वाला खतरानक स्टंट से भरपूर शो 'खतरों के खिलाड़ी 14' में टीवी एक्ट्रेस शिल्पा शिंदे अपनी जगह बना चुकी हैं। शो में उन्होंने अपनी सीट पक्की कर ली है।रिपोर्ट के अनुसार, शो के लिए खुद कर्लस चैनल ने शिल्पा को अप्रोच किया है। हालांकि इस बारे में अभी तक आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। हालांकि शिल्पा के नाम की अटकलें काफी तेज हो गई हैं। 'खतरों के खिलाड़ी 14' में शिल्पा का नाम जुड़ने से दर्शकों के बीच थोड़ी हलचल मच गई है।



# अहंकार के कारण कई अच्छी फिल्में छोड़ दी थीं अमोल पालेकर ने...

*__मुंबई।__ जिस दौर में अमिताभ बच्चन और राजेश खन्ना का बॉलीवुड में कब्जा हुआ करता था, तब अमोल पालेकर ने अपनी अदाकारी से चुपचाप, लोगों के दिलों में खास जगह बनाई। एक दौर तो वो भी आया, जब ये कहा जाना लगा कि सिर्फ विनोद खन्ना ही नहीं ये एक्टर बिग बी और काका के स्टारडम को टक्कर दे सकता है। बॉलीवुड का वो एक्टर, जो ऑफबीट फिल्मों के स्टार रहे। अपने शांत और सहज अभिनय से लोगों का मन मोहते रहे। उनके बोलने का स्टाइल, कॉमेडी करने का ढंग और इमोशनल कर देने का अंदाज ऐसा कि दर्शकों की आंखों में आंसू आ जाएं। अपने इस निराले अंदाज के कारण उन्हें 'सिचुवेशनल कॉमेडी किंग' कहा जाता था।*

*बॉलीवुड में कई ऐसे सितारे खो गए, जिन्होंने कभी अपने अभिनय से लोगों को अपना दीवाना बना दिया था। हालांकि, वक्त की रफ्तार में उनका करियर काफी बदल गया। कुछ ऐसा ही हाल 70-80 के दशक के मशहूर एक्टर अमोल पालेकर का रहा है। बेहद शांत दिखाई देने वाले इस स्टार के अंदर बहुत घमंड था। इस बारे में उन्होंने खुद कहा था कि उन्हें कई अच्छी फिल्में मिली, लेकिन कुछ को उन्होंने अपने घमंड के कारण छोड़ दिया था।*



*मुंबई में जन्मे अमोल ने अभिनय में कदम रखने से पहले थिएटर में अपनी किस्मत आजमाई थी। 1970 के दशक में अपने सरल अभिनय के द्वारा प्रमुखता से उभरने लगे। 70-80 के दशक में उन्होंने एक के बाद एक कई बड़े स्टार्स के साथ फिल्में की, जिसमें शर्मिला टैगोर, रेखा, परवीन बॉबी, शबाना आजमी, राजेश खन्ना, अमिताभ बच्चन से लेकर धर्मेंद्र, राज बब्बर संजीव कुमार संग स्क्रीन शेयर की।*

*अमोल हिंदी के साथ ही साथ मराठी सिनेमा में भी फेमस रहे। हालांकि, एक वक्त ऐसा आया जब उन्हें फिल्में कम मिलने लगी और धीरे-धीरे एक्टिंग से दूर जाने लगे। अपनी फिल्मी करियर की जर्नी को लेकर अमोल ने बताया था कि ऐसा नहीं था वह फिल्में नहीं करना चाहते थे, लेकिन वह किसी से फिल्म मांगना नहीं चाहते थे।*

# ओटीटी पर रिलीज होगी 'हेड्स ऑफ स्टेट'



*__मुंबई।__ अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने अपनी आगामी फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट' को लेकर एक बड़ा अपडेट दिया है। बीते लंबे समय से अपने प्रशंसकों को शूटिंग से जुड़ी जानकारी लगातार साझा कर रहीं। प्रियंका ने हाल ही में सोशल मीडिया पर बताया कि उनकी फिल्म की शूट्िंग आखिरकार पूरी हो गई। साथ ही, उन्होंने यह भी जानकारी दी है कि यह फिल्म सीधा ओटीटी पर रिलीज होगी। उन्होंने पर्दे के पीछे के कुछ मजेदार पलों को एक वीडियो के जरिए फैंस के साथा साझा किया है। इसमें मालती भी हैं। मेकअप से लेकर वर्कआउट तक में मालती अपनी मां के साथ नजर आ रही हैं। वीडियो में बेटी को गोद में लिए हुए वर्कआउट करती प्रियंका को देखकर फैंस उसकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। वीडियो में अभिनेत्री सुपर फिट और बेहद खूबसूरत लग रही है।*

## गुप्त फिल्म के लिए काजोल को मिला था बेस्ट विलेन का फिल्मफेयर अवार्ड

# सीरियल किलर के रोल में कई हसीनाओं ने दिखाए रौद्र रूप

*__मुंबई।__ सिर्फ अभिनेताओं ने ही नहीं, बल्कि कई अभिनेत्रियों ने भी बॉलीवुड फिल्मों में नेगेटिव किरदार निभाए हैं। काजोल, तब्बू से लेकर प्रियंका चोपड़ा और उर्मिला मातोंडकर ने भी फिल्मों में नेगेटिव किरदार निभाए हैं। इन सभी हसीनाओं के किरदारों को लोगों ने बेहद पसंद भी किया।*



**उर्मिला मातोंडकर :** बॉलवुड अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर ने बॉलीवुड में रोमांटिक, हॉरर, थ्रिलर फिल्में की हैं। लेकिन उन्होंने फिल्म 'कौन' में सीरियल किलर का किरदार निभाया था। सीरियल किलर के रोल में उर्मिला की बेहतरीन अभिनय के सभी लोग कायल हो गए थे। इस फिल्म को लोगों ने खूब पसंद किया था। साल 1999 आई सस्पेंस थ्रिलर फिल्म को राम गोपाल वर्मा ने निर्देशित किया। अनुराग कश्यप द्वारा लिखित इस फिल्म में उर्मिला मातोंडकर, मनोज बाजपेयी और सुशांत सिंह ने अभिनय किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस फिल्म को पूरे 15 दिनों में शूट किया गया था। इस फिल्म में उर्मिला का किरदार बाकी सभी कलाकारों पर भारी पड़ा।



**प्रियंका चोपड़ा :** 18 फरवरी 2011 को रिलीज हुई फिल्म '7 खून माफ' में प्रियंका चोपड़ा ने ऐसी खतरनाक बीवी का रोल निभाया था, जो अपने सातों पतियों का खून कर देती है। इस फिल्म का निर्देशन विशाल भारद्वाज ने किया है। फिल्म में प्रियंका चोपड़ा मुख्य भूमिका में हैं, जबकि विवान शाह , जॉन अब्राहम , नील नितिन मुकेश , इरफान खान, अलेक्जेंडर डायचेंको , अन्नू कपूर , नसीरुद्दीन शाह और उषा उथुप सहायक भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास नहीं चली।



**तब्बू :** फिल्म 'हैदर' में तब्बू का अब तक का सबसे खतरनाक रोन माना जाता है। उन्होंने इस फिल्म में अपने नेगेटिव किरदार से सभी को डरा दिया था। 2014 में 'हैदर' रिलीज हुई थी। क्राइम थ्रिलर फिल्म को विशाल भारद्वाज ने निर्देशित किया था। इसमें शाहिद कपूर , तब्बू , के के मेनन , श्रद्धा कपूर और इरफान खान ने अहम भूमिका निभाई थी।



**काजोल :** फिल्म 'गुप्त' में काजोल के नेगेटिव रोल को भला कोई कैसे भूल सकता है। यह फिल्म सुपरहिट हुई थी। काजोल के अलावा इस फिल्म में बॉबी देओल और मनीषा कोइराला ने अहम भूमिका निभाई थी। साल 1997 में आई फिल्म 'गुप्त' सुपरहिट हुई थी। काजोल ने इस फिल्म में नेगेटिव किरदार निभाया था। पहले इस नेगेटिव रोल को मेकर्स मनीषा कोइराला से करवाना चाहते थे, लेकिन बाद इस रोल के लिए रवीना टंडन को अप्रोच किया गया। उन्होंने इस फिल्म के लिए साइन कर दिया था। लेकिन फिर निजी कारणों की वजह से उन्होंने फिल्म नहीं की। आखिरकार यह रोल काजोल ने निभाया। इस फिल्म के लिए उन्हें बेस्ट विलेन का फिल्मफेयर अवार्ड भी मिला था।



**अनीता हसनंदानी :** फिल्म 'कुछ तो है' में अनीता हसनंदानी ने सीरियल किलर का किरदार निभाया था। 2003 में आई इस फिल्म का निर्देशन अनुराग बसु ने किया था। फिल्म में तुषार कपूर, ईशा देओल, अनिता हस्सनंदनी, यश टोंक, ऋषि कपूर, जितेन्द्र और मुनमुन सेन ने अहम भूमिका निभाई थी। फिल्म बालाजी मोशन पिक्चर्स के बैनर के तहत बनाई गई थी।

